रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

हम देश के साथ खड़े

भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली ने विश्व कप में पाक से मुकाबले पर कहा है कि वह देश के साथ खड़े हैं। वह सरकार व बीसीसीआई के फैसले को मानेंगे। पेज 20

पायलट जाम में फंसा, तीन घंटा लेट आया विमान पेज 03

लखनऊ के ट्रैफिक जाम ने ले ली महिला की जान पेज 06

रविवार, 24 फरवरी 2019, लखनऊ , पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 10, अंक 07, 28 पेज+4 पेज फुरसत+4 पेज सर्च इंजन, मूल्य ₹ 4.00, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत् 2075

सोलर पैनल देगा पर्याप्त बिजली

लखनऊ। दो किलोवाट के सोलर पैनल पर महज 40 हजार रुपए खर्च होगा। यह जानकारी वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. भरतराज सिंह ने एक कार्यक्रम में दी।

उन्होंने बताया कि छतों पर सोलर पैनल लगाकर लोग देश के विकास में विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। सोलर पैनल पर केंद्र सरकार तीस प्रतिशत व इतना ही प्रदेश सरकार छूट दे रही है। दो किलोवाट की लागत महज 40 हजार रुपए आ रही है। उसके बाद प्रति किलो वाट 35 हजार रुपए खर्च होगा।